मेरे घर पे सांवरिया हर दम पहरा तेरा

(तर्ज: किसी की नैया का ...)

मेरे घर पे सांवरिया हर दम पहरा तेरा ,
तेरी कृपा से तो चलता परिवार मेरा ,
तेरे इत्तर की खुशबु से महके घर बार मेरा

प्रेमियों से बाबा हमको मिलाता ,
हर प्रेमी में नज़र तुहीं आता ,
हर प्रेमी का तेरे , चरणों में है डेरा ,
मेरे घर पे ....

जब कोई संकट हमको सताए ,
सांवरिया तू वहीं नजर आए ,
संकट को बाबा , डर लगता है तेरा ,
मेरे घर पे ....

हो दिल उदास मेरा तुमको निहारुं ,
जब भी जरुरत पड़ती तुमको पुकारुं ,
'देवकीनंदन' को , होता अहसास तेरा ,
मेरे घर पे ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10549/title/mere-ghar-pe-sanware-har-dm-pehara-tera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |